चक्रवात ईदाई

drishtiias.com/hindi/printpdf/ccclone-idai

चर्चा में क्यों?

हाल ही में मोज़ांबिक में आए एक उष्णकटिबंधीय चक्रवात ईदाई में सबसे ज़्यादा प्रभावित बीरा नामक शहर रहा।

प्रमुख बिंदु

- इस चक्रवात से सोफाला प्रांत में सबसे अधिक नुकसान हुआ है।
- अधिकांश क्षति बीरा शहर में हुईं जो देश का चौथा सबसे बड़ा शहर है, साथ ही एक बंदरगाह हब और सोफाला प्रांत की राजधानी है।

mozambia

ग्लोबल फैसिलिटी फॉर डिज़ास्टर रिडक्शन एंड रिकवरी
Global Facility for Disaster Reduction and Recovery-GFDRR

- GFDRR, विकासशील देशों को प्राकृतिक खतरों और जलवायु परिवर्तन के प्रति उनकी भेद्यता को बेहतर ढंग से समझने और कम करने में मदद हेतु एक वैश्विक साझेदारी है।
- इसकी स्थापना सितंबर 2006 में की गई थी।
- यह विश्व बैंक द्वारा प्रबंधित अनुदान प्रक्रिया है, जो दुनिया भर में आपदा जोखिम प्रबंधन परियोजनाओं का समर्थन करती है।

- 400 से अधिक स्थानीय, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ काम करते हुए GFDRR ज्ञान, वित्तपोषण और तकनीकी सहायता प्रदान करता है।

उद्देश्य

- देश की विकास रणनीति के तहत मुख्यतः आपदाओं में कमी लाना और जलवायु परिवर्तन अनुकूलन (CCA) तथा आपदा न्यूनीकरण (ISDR) प्रणाली के लिए अंतर्राष्ट्रीय रणनीति के तहत विभिन्न हितधारकों के बीच वैश्विक और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देना एवं उसे मजबूत करना।
- यह आपदा जोखिम प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन अनुकूलन को विकास की रणनीतिय और निवेश कार्यक्रमों में एकीकृत कर आपदाओं से जल्दी और प्रभावी ढंग से उबरने में देशों की मदद करने हेतु जीएफडीआरआर आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिये सेंदाई फ्रेमवर्क के कार्यान्वयन में योगदान देता है।

चक्रवात

- चक्रवात कम वायुमंडलीय दाब के चारों ओर गर्म हवाओं की तेज़ आँधी को कहा जाता है।
- दोनों गोलार्द्धों के चक्रवाती तूफानों में अंतर यह है कि उत्तरी गोलार्द्ध में ये चक्रवात घड़ी की सुइयों की विपरीत दिशा में (Counter-Clockwise) तथा दक्षिणी गोलार्द्ध में घड़ी की सुइयों की दिशा (Clockwise) में चलते हैं।
- उत्तरी गोलार्द्ध में इसे हरिकेन, टाइफून आदि नामों से जाना जाता है।

चक्रवाती तूफान ‘डे’ (DAYE)

हिंद महासागर में चक्रवाती तूफान

तितली, फैलिन और हुदहुद अक्तूबर में ही क्यों?

तितली ‘अति दुर्लभ’ साइक्लोन

स्रोत - द हिंदू